नागवंश की उत्पत्ति एक ऐतिहासिक अध्ययन

कन्हैया लाल धुर्वे,सहायक प्राध्यापक (इतिहास), शासकीय निवास महाविद्यालय, मण्डला, म.प्र.

सारांशः—प्राचीनकाल से ही भारत में नागों की पूजा की परम्परा रही है। माना जाता है कि 3000 ईसा पूर्व आर्य काल में भारत में नागवंशियों के कबीले रहा करते थे, जो सर्प पूजा करते थे, उनके देवता सर्प थे। यही कारण था कि प्रमुख नाग वंशों के नाम पर ही जमीन पर रेंगने वाले नागों के नाम पड़े थे। पुराणों के अनुसार कश्मीर में कश्यप ऋषि की पत्नी 'कद्रू' से उन्हें आठ पुत्र मिले थे जिनसे नाग वंश का विस्तार हुआ था। नागों की उत्पत्ति एवं विकास के संदर्भ में विद्वानों में भिन्नताएँ देखने को मिलती है। भारतीय इतिहास एवं प्राचीन भारतीय ग्रंथों के अध्ययन से जो जानकारी प्राप्त होती है। वह कोई निश्चित कालखण्डों का निरूपण नहीं करती है, नाग भारत की मूलनिवासी जातियाँ है या आर्यों से ही उत्पन्न कोई जाति समूह है। जिनका दमन आर्यों द्वारा किया गया और जिन्हें अनार्य, दास एवं दस्सू शब्दों से सम्बोधित कर उन्हें विविध प्रकार की यंत्रणाएँ दी गई थी तथा कालान्तर में जिन्हें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति में ढकेल दिया गया।

खोज शब्द : नागवंश, नागवंश की आर्यों से उत्पत्ति, नागवंश की अनार्यों से उत्पत्ति

प्रस्तावनाः—मानव की उत्पत्ति का प्रथम चरण यद्यपि किसी 'जाति' या 'वर्ग' में विभक्त न था, किन्तु डॉ0 अवन्तिका प्रसाद मरमट ने यह उल्लेखित किया है कि विश्व धरातल पर अवतरित मानव का प्रथम साक्षात्कार चूँकि नागों से हुआ, अतः प्रथम चरण के मनुष्यों को 'नाग जाति' का नाम दे दिया गया।[1] इसके पीछे कारण उनका नागों से सर्वाधिक प्रभावित होना बताया है। यही कारण था कि उनके नाम, उपनाम, निवास आदि नागों के नामों से मेल खाते हैं। संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि मानव की प्रथम प्रजाति को यदि 'नाग जाति' माने तो अनुचित प्रतीत नहीं होता। आगे चलकर यह 'नाग जाति' भारतीय भू—भाग में आर्य एवं अनार्य के रूप में विभाजित होकर विकसित होती गई। चूँकि आर्य बाहर से आकर भारतीय भू—भागों में बसे, अतः उन्होंने स्वयं को आर्य (श्रेष्ठ) तथा यहाँ के मूल निवासियों को 'अनार्य' (अश्रेष्ठ) कहना शुरू किया।[2] इस प्रकार मानव प्रजाति का वर्ग विभाजन यहीं से उदित हुआ। अपनी जातीय श्रेष्ठता को बनाए रखने के स्वार्थ के कारण अपने आपको आर्य कहने वालों ने भारतीय जनों को अनार्य कहा और उनका संबंध नाग जाति से जोड़ा। जबकि वे यह भूल गए कि उनका भी उदय 'नाग जाति' से ही हुआ था। पुराणों के अध्ययन से यह संकेत मिलते हैं कि 'नाग जाति' का विस्तार फीजी द्वीप, मैक्सिको आदि तक था। धर्मशास्त्रों ने इनको 'नागलोक' अथवा 'पाताल लोक' कहकर उल्लेखित किया है। विद्वानों के मतानुसार नागवंश की उत्पत्ति के दो सिद्धान्त दृष्टिगोचर होते हैं।[3]

अध्ययन के उद्देश्यः—धार्मिक वांगमय में नागवंश की उत्पत्ति राजा 'शेषनाग' से बताई जाती है। इस वंश के गंगाधर, महिपाल, पुरन्दर, नागादेर, वेणुधर, योजनावीर्य, दामोदर, नागनन, कार्तवीर्य आदि अनेक राजा हुए। बाल्मीकि रामायण में भी शेष नाग और वासुकि राजाओं का वर्णन आता है।[4] महाभारत के आदि पर्व के तीसरे अध्याय में नागों का वर्णन है। महाभारत काल में ये गंगा—यमुना के बीच कुरुक्षेत्र और दिल्ली के आसपास खाण्डव वन में बसते थे। इस वंश के एक राजा के पास अट्ठाइस हजार आठ सौ सैनिकों का वर्णन मिलता है, जब अर्जुन ने खाण्डव वन को जला दिया तब से ये पाण्डवों के शत्रु बन गए। इन्होंने अर्जुन को मारने के बड़े—बड़े यत्न किए, किन्तु हर बार अर्जुन बचता ही रहा। महाभारत के युद्ध में वर्णन आता है कि एक नाग कर्ण के सहायक के रूप में युद्धभूमि में सदा उसके साथ रहता था। वह बार—बार कर्ण से कहता कि इस जहरीले तीर से अर्जुन को मारो, किन्तु कर्ण ने उसकी बात न मानी और नाग राजकुमार की इच्छा पूर्ण न हो सकी। नागों ने अर्जुन के पौत्र परीक्षित को मारकर अपना बदला लिया था। परीक्षित के पुत्र जनमेजय ने नागों का दमन किया और

अहिच्छत्रपुर, नागपुर, नागौर, नागही, यशपुर (जहानुपुर) सफीरों (हरियाणा) आदि इनके मुख्य केन्द्रों को नष्ट–भ्रष्ट किया। जिससे नाग सत्ताच्युत होकर इधर–उधर बिखर गए।

अनार्यो से उत्पत्तिः– नागवंश की उत्पत्ति अनार्यो से हुई इस सिद्धांत के प्रतिपादकों में डॉ0 मरमट प्रमुख हैं। उनके शोध ग्रंथ 'वेदकालीन नाग जातियों, राजाओं तथा संस्कृति की खोज' के अध्ययन से पता चलता है कि मानव सभ्यता का प्रथम चरण मनुष्यों एवं सर्पों के मध्य निकट सम्बन्ध रखने वाला था। सम्भवतः मनुष्य को अपने चारों ओर फैले नाग समूहों से उठते–बैठते, खाते–सोते, काम करते हर वक्त जूझना पड़ा। उन्हें सर्पों से भय भी लगता था औरकुछ अंशों में सुरक्षा भी। इस कारण उन्होंने सर्पों को अपना इष्ट देव स्वीकार किया तथा उनके आधार पर अपने नाम, उपनाम, क्षेत्रों के नाम भाषिक शब्द इत्यादि रखने शुरू किए। न केवल भारत वरन् विश्व के अनेक भू–भागों में जहाँ–तहाँ मानव सभ्यता थी, सर्वत्र नागों व मनुष्यों के बीच संबंध रहे। इसलिए सर्पों की दुनिया का प्रभाव मानव जगत पर भी पड़ा। इस आधार पर कहा जा सकता है कि विश्व मानवता की जातिगत उत्पत्ति नाग संज्ञा से हुई।[5] भारतीय भू–भाग के अन्तर्गत् सिंधु घाटी सभ्यता के अध्ययन से यह पता चलता है कि वहाँ के निवासी नाग पूजक थे। संभवतः इन नागपूजकों का वर्ग आगे चलकर 'नागजाति' के रूप में मान्य हुआ, परन्तु सिंधु युग में जाति व्यवस्था का कोई साक्ष्य नहीं मिलता है।[6] सिर्फ वर्ग विभाजन श्रमजीवी, योद्धा और व्यवसायियों के रूप में दृष्टिगत् होता है।

आर्यो से उत्पत्तिः–आर्यों के भारत आगमन के बाद आर्य–द्रविड़ संघर्ष में जो लोग बचे वे निश्चित ही सांस्कृतिक दृष्टिकोण से मिश्रित होकर भावी सभ्यता को विकसित कर रहे थे।[7] ऐसी स्थिति में सिन्धु युगीन नागों का स्वरूप परिवर्तित होकर आर्ययुगीन सांस्कृतिक विकास धारा में विलीन हो गया। कर्नल जेम्स टॉड के अनुसार– 'नागवंश क्षत्रियों का ही एक वंश था'। डॉ0 काशी प्रसाद जायसवाल ने भी इस मत का समर्थन किया है, चूँकि वर्णों की उत्पत्ति के सिद्धांत के अनुसार जाति व्यवस्था की उत्पत्ति हुई। इस आधार पर क्षत्र धारण करने वाला वर्ग समूह क्षत्रिय नामक संज्ञा से विभूषित हुआ। अर्थात देश की सुरक्षा के लिए और शासन संचालन के लिए जिसने दायित्व निभाया वह क्षत्रिय कहलाया। इस आधार पर नागवंशियों ने राजा और सामंतों के रूप में कार्य किया। अस्तु, वे क्षत्रिय कहे जाने लगे।[8]

निष्कर्षः– प्रागैतिहासिक काल से ही मानव व नाग (सर्प प्राणी) साथ–साथ रहते चले आए हैं। सभ्यता के विकास के दौरान आखेट से आगे बढ़कर मानव ने कृषि कार्य को अंगीकार किया। समय के अन्तराल के साथ–साथ जनसंख्या में निरन्तर वृद्धि होती चली गई। श्री एच0जी0 वेल्स का मत है कि आज से 8000 वर्ष से लेकर 20,000 वर्ष पूर्व के बीच लोगों को इस बात की आवश्यकता पड़ी कि उनके साथ अन्य नाम (उपनाम या उपाधि) जुड़ जाए ताकि दूसरे लोगों से उनको पृथक रूप से मान्यता मिल जाए। मानव के सामाजिक विकास के इस प्रथम चरण में सर्प ही इतना व्यापक स्तर पर मानव का पड़ोसी तथा कृषि हित कारक के रूप में पाया गया कि मनुष्य ने अपने उपनाम या उपाधि हेतु सर्प नाम को उपयुक्त मानकर उसे अंगीकार कर लिया।

मानव के पूर्व जीव जन्तु पृथ्वी पर करोड़ों वर्ष से रह रहे हैं परन्तु एक विशेषता ही कही जाएगी कि सर्पो का आकर्षण सारे संसार में फैला पाकर मानव जाति ने इसे अपने इष्ट देव या पूर्वज के रूप में या कुल देवता के रूप में स्वीकार किया है। भारत के मूल निवासी राजाओं ने ऋग्वेद के पूर्व और उसके बाद अपने नामकरण अपनी जातियों के नामकरण, सर्प देवता के नाम पर रखे और यही क्रम निरन्तर भारत के आधुनिक शूद्र जातियों में और उनके गोत्रों में मिल रहा है। भारत में नाग राजाओं का राज्य हजारों वर्षों तक रहा है। आर्यो की कूटनीति के कारण और वर्ण व्यवस्था की ऊँच–नीच भावना के कारण दलित जातियों का राजनैतिक व सामाजिक शोषण हुआ परन्तु संस्कृति को न आर्य बिगाड़ सके न अन्य अक्रान्ता।

SRF National & International Research Journal & Book Publication House, 320, Sewa path, Sangeevni Nagar, Garha, Jabalpur (M.P.)
Email Id:ijssmsjbp@gmail.com, srfjbp@gmail.com, www.srfresearchjournal.comPhone- 0761-4036611, Mo. 9993332299

संदर्भ–

1. डॉ. अवन्तिका प्रसाद मरमट – नाग संस्कृति, उज्जैन 2000,
2. डॉ. अवन्तिका प्रसाद मरमट – नाग संस्कृति, उज्जैन, 2000
3. चित्रा आम्रवंशी – नागवंश, पृ. 3–4
4. बाल्मीकि रामायण, गीता प्रेस गोरखपुर
5. विमलेश्वर सिंह – नागवंश, पृ. 20
6. श्री महन्त अमस्या – नागवंश और उनकी संस्कृति, पृ. 14
7. प्रो. हरीश चन्द्र उपाध्याय – संस्कृति और सभ्यता, फैजावाद, 1970, पृ. 13
8. श्री डी.पी. दुबे – समाज, इलाहाबाद, पृ. 8, साक्षात्कार द्वारा नागवंश तथा अन्य जातियों के उद्‌गम पर रोचक जानकारी प्राप्त हुई।

''सामाजिक सरोकार के संदर्भ में व्यंग्य का वर्तमान परिदृश्य''

डॉ. (श्रीमति) रूचि अर्जुनवार

मुख्य शब्द :– व्यंग्यालम्बन, विकृतियाँ, यथार्थ, कुरीतियाँ, सरोकार, चिंतन–मनन

सारांश :– साहित्य का समाज से घनिष्ट संबंध हैं। समाज के बिना साहित्य की और साहित्य के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। समाज मानव को सही अर्थो में मानव बनाता हैं और इसे श्रेष्ठ मूल्यों से जोड़कर श्रेष्ठ मानव की संज्ञा प्रदान करता हैं। इस बात से सर्वथा मुहँ नहीं मोड़ा जा सकता कि जीवन के सत्यों को साहित्य में सफल अभिव्यक्ति देने के लिए व्यंग्य से अधिक सार्थक माध्यम दूसरा कोई नहीं हो सकता। यह बात अवश्य हैं कि विसंगतियों, विडम्बनाओं के कारण साहित्य में व्यंग्य का स्वरूप उजागर हो पाता हैं।

प्रस्तावना :–

साहित्य समाज का दर्पण माना जाता हैं इसलिए व्यंग्य का संबंध बहुत गहरा हैं। व्यंग्य समाज और व्यक्ति से जुड़ा सोद्देश्य लेखन है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष दोनों रूप से सामाजिक सुधार की आकांक्षा एवं उद्देश्य को केन्द्रित कर लिखा जाता हैं। व्यंग्य का जन्म करूणा से होता हैं और व्यंग्य सदा के लिए किए जा रहे गलत कार्यो का विरोध करता हैं। इसमें वह शक्ति होती हैं कि पाठक अपने आसपास के प्रति जागरूक हो जाता एवं जिसे व्यंग्यालम्बन बनाया जा रहा हैं। वह तिलमिला उठता हैं।

विज्ञान, राजनीति, अर्थ आदि समाज के अंग बन गए हैं और इन्हीं को समझना तथा जीवन में इनका दुरूपयोग करना ही व्यक्ति के जीवन का मुख्य उद्देश्य हैं इस आपाधापी तथा व्यस्तता भरे जीवन में मनोरंजन की भी आवश्यकता हैं। व्यंग्य इसकी भरपाई करता हैं। साथ–साथ समाज में फैली विकृति पर प्रहार कर अच्छाई के लिए दिशा–निर्देश भी देता हैं।

व्यंग्य व्यक्तिपरक न होकर स्थिति परक होता हैं। व्यंग्य लेखन केवल बौद्धिक विलास नहीं हैं, बल्कि व्यंग्य वर्तमान के प्रति समर्पित लेखन हैं किन्तु यह एक अलग पहलू हैं कि व्यंग्य लेखन सामायिक परिस्थितियों, विसंगतियों से जूझने वाला लेखन कार्य है। यह लेखन समाज में सुधार लाने का, कुरीतियों व त्रुटिपूर्ण मान्यता को जड़मूल से नष्ट करने का प्रबल आकांक्षी होता हैं। व्यंग्य लेखन का मूल उद्देश्य एक आदर्श स्वच्छ तथा स्वस्थ्य समाज की संरचना करना हैं। व्यंग्यकार समाज में फैली विद्रूपताओं से चिंतित होता हैं। नारियों की शिक्षा में वृद्धि हुई हैं। उन्हें कार्यालयों में नौकरियों के सुअवसर प्राप्त हुए हैं किन्तु क्या समाज में नारी को स्वच्छ या नैतिक दृष्टि से देखा जाता हैं, नहीं। तभी तो परसाई जी ने लिखा हैं– ''बिन माँ की जवान लड़की उस फसल की तरह हैं, जिसका रखवाला नहीं हैं और जिसे वासना के उजाडू पशु मारने को स्वतंत्र हैं।''1

इस प्रकार अनेक सामाजिक मान्यताएँ जो समाज में विष के समान फैली हैं, कई नवयुवक इसे तोड़ना चाहते हैं, तो समाज उसे हेय दृष्टि से देखता हैं। डॉ. घनश्याम अग्रवाल ने व्यंग्यकार तथा समाज के संबंध में अपना मत व्यक्त किया हैं– '' व्यंग्य समाज के अभावों, उसकी बुराईयों पर अपने बाण चलाने लगा, क्योंकि वह नैतिकता का दावेदार हैं। व्यंग्यकार समाज की गंदगी को दूर करने का ठेका लेकर चलता हैं। जो बात साहित्य की अनेक शैलियों में नहीं कही जा सकती हैं, व्यंग्य शैली उसके लिए अमोध अस्त्र हैं।''2

व्यंग्य शोषण विहीन समाज की संरचना करने के लिए कृत संकल्प हैं। वह शोषण और शोषित के मध्य दीवार को मिटा देना चाहता हैं। आज हमारे समाज की स्थिति का लेखा–जोखा व्यंग्यकार लतीफ घोंघी के शब्दों में दृष्टव्य हैं– '' जरा आँख खोलकर देखिए आज 50 रूपये तनख्वाह पाने वाला व्यक्ति दो सौ रूपये की घड़ी बाँधकर घूमता हैं। सेठों के गोदामों में चूहे अनाज खा रहे हैं और गरीब जनता दाने–दाने को तरस रही हैं।''3 ऐसी कितनी ही विसंगतियाँ समाज में

SRF National & International Research Journal & Book Publication House, 320, Sewa path, Sangeevni Nagar, Garha, Jabalpur (M.P.)
Email Id:ijssmsjbp@gmail.com, srfjbp@gmail.com, www.srfresearchjournal.comPhone- 0761-4036611, Mo. 9993332299

फैली हैं। समाज में कुछ अच्छा बुरा घटित हो रहा हैं, उसका यथार्थ चित्रण व्यंग्य ही करता हैं उस अच्छे और बुरे से बुरे की ओर उसका आक्रोश व्यक्ति ही होता हैं और बुरे के स्थान पर हमें क्या सुधार करना हैं, या उसे किस रूप में स्वीकार करना हैं, इसका स्पष्ट संकेत व्यंग्यकार प्रेम शंकर व्यंग्य–विविधा में अपनी लेखनी के माध्यम् से व्यक्त करते हैं– '' व्यंग्य की सामाजिकता उसे सांमती हास्य विनोद से अलगाती हैं, और उसे सामाजिक यथार्थ से जोड़ती हैं। यथार्थ को यह पकड़ जितनी गहरी होगी, व्यंग्य उतना ही प्रभावी होगा क्योंकि कई बार हम उसे ऊपर–ऊपर ही छूकर रह जाते हैं।''4

व्यंग्यकार शहरी और ग्रामीण के संबंध पर नजर रखे हैं, वे इस अंतर से भी चिंतित रहते हैं। व्यंग्यकार अपने आसपास के प्रति सतत् विचारवान् रहता हैं। उसके समाज, प्रांत, देश में क्या हो रहा हैं, उसे कैसा होना चाहिए, कैसा नहीं, इस पर तीक्ष्ण दृष्टि रखता हैं व रचना में उसे लिखता हैं– '' वास्तव में व्यंग्य समाज की शक्ति–मंथन में ही लगी रहती हैं। व्यंग्यकार विचार करता हैं और चीजों, व्यक्तियों एवं स्थितियों से ऐसे बिन्दु निकालकर उन्हें व्यंग्य में व्यक्त करता हैं, जो मौजूद हैं, मगर जिन्हें होना नहीं चाहिए, या जो नहीं हैं, मगर होना चाहिए।''5

व्यवस्था चाहे वह सामाजिक हो या राजनैतिक व्यवस्था में रहकर व्यवस्था का विरोध करना, हर किसी के बस की बात नहीं हैं, परन्तु व्यंग्यकार इस कार्य को भी कुशलता के साथ करता हैं। गिरीश पंकज जी की रचना ' मिठलबरा की आत्मकथा ' इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। इस व्यंग्य उपन्यास में उन्होंने पत्रकारिता जगत् में फैली हुई समस्त विकृतियों, विसंगतियों को जितनी सरलता से प्रस्तुत किया हैं, उतना अन्यत्र कहीं दिखाई नहीं देता हैं। जबकि गिरीश पंकज जी स्वयं एक पत्रकार हैं। छोटे शहर की मानसिकता, उसके मध्य पैसे के लिए अपने प्रभुत्व के लिए पूंजीपतियों का सारी नैतिकता को दरकिनार करके अपने स्वार्थ की पूर्ति करना, उपन्यास के पन्नों को एक ऐसा आईना बना देता हैं, जिसमें इस इक्कीसवीं सदीं की दशा को स्पष्ट देखा जा सकता हैं। लेखक जो स्वयं उपन्यास के नायक भी हैं, अपने अखबार के बारे में स्पष्ट करते हैं कि – ''सरायपुर टाइम्स को ' कसाईबाड़ा ' कहते हुए अब मुझे तनिक भी अफसोस नहीं हैं। कसाई मालिकों के यहाँ नौकरी करके में खुद भी कसाई बन गया था।''6

व्यंग्यकार कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी यथाशक्ति की आलोचना व भर्त्सना करने से पीछे नहीं हटता हैं। यह जानते हुए भी कि उस दुस्साहस का भयंकर परिणाम हो सकता है। व्यंग्यकार किसी पूर्वाग्रह से आबद्ध नहीं होता हैं। व्यंग्यकार के संबंध में डॉ. नामवर सिंह की अग्रलिखित टिप्पणी अत्यंत सटीक लगती हैं– '' स्वयं नंगा होकर घूमने में सुख हो सकता हैं, लेकिन सवाल तो सम्राट का नंगा कहने का हैं। खासतौर पर ऐसे समय जबकि सभी लोग उसे एकदम नंगा देखते हुए भी किसी अनजान डर से ऐसा नहीं कह पाते हो।''7

व्यंग्य का सहकारी स्वरूप और उसकी सर्वग्राह्यता–शक्ति सबसे अधिक आकर्षित करती हैं। व्यंग्य का प्रयोग आज चेतना, शैली और विद्या तीनों रूपों में हो रहा हैं, यही इसकी शक्ति हैं। चिंतन से व्यंग्य में गंभीरता आती हैं और आक्रोश से उसकी प्रहारक शक्ति बलवती बनती हैं तथा करूणा से व्यंग्य में मानवीयता का गुण उत्पन्न होता हैं। व्यंग्य का यह त्रिशूल अपने में सृजनकारी और संहारक दोनों ही हैं– '' व्यंग्य में ही सत्य कहने और गलत का विरोध करने की शक्ति हैं। व्यंग्य ही शोषण और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की मानसिकता तैयार करता हैं। यही सामाजिक सरोकार व्यंग्य को प्राणवान और गतिशील बना रहा हैं। साहित्य की प्रत्येक विधा के साथ व्यंग्य का सहकारी स्वरूप स्पष्ट ही हैं। जैसे निबंध–व्यंग्य, एकांकी–व्यंग्य, हास्य–व्यंग्य, कविता–व्यंग्य, कथा–व्यंग्य आदि।''8

आज का आदमी बड़ी जल्दी में हैं। वह सब कुछ भुलाकर दुनिया पर छा जाना चाहता हैं। इसके लिए वह सभी तरह से छल, बल और अक्ल का प्रयोग करते हुए वह गली मोहल्ले से लेकर संसद तक इसी के सहारे जा पहुँचता हैं, जहाँ उसके सारे हथकंडे और सारे पाखण्ड़ अनौपचारिक बन जाते हैं। तब तक अपने रास्ते पर वह बहुत आगे बढ़ चुका होता हैं। सच बोलने में उसकी जबान लड़खड़ाने लगती हैं और झूठ वह बिना झिझके बोल लेता हैं रही सहकारिता– वह तो

उसके अस्त्र–शस्त्र के रूप में इस्तेमाल करता हैं। इन्ही सब छल–छद्म के कारण राजनेता सबसे अधिक व्यंग्य का शिकार होते हैं।

सहकारिता बहुरूपा होकर समाज के कण–कण में व्याप्त हैं ठीक भ्रष्टाचार की तरह। प्रजातंत्र के इस लूटतंत्र में हिस्सेदारी करने के लिए सहकारिता एक दाँव की तरह हैं जो शालीनता के साथ चलाया जाता हैं। इस राजनीति और इन राजनेताओं ने भ्रष्टाचार की चपेट में लेने के लिए किसी को भी नहीं छोड़ा हैं। इसलिए आज के व्यंग्यकार को जहाँ–जहाँ भी विसंगतियाँ और कुरीतियाँ दिखाई दे रही हैं उन पर व्यंग्य करने से नहीं चूक रहा हैं। आज के व्यंग्यकार की भूमिका एक देशभक्त और समाज सेवी की भूमिका बन गई हैं।

आज की स्थिति ऐसी हैं कि जिधर भी दृष्टि डालते हैं चारों तरफ संकट के बादल गहराते नजर आ रहे हैं। देश प्रतिपल–प्रतिक्षण संकट के मकड़जाल में उलझता जा रहा हैं। देश की अधिकांश जनता हताश और निराश हैं। ऐसी दशा में जबकि सत्ता के शीर्ष पर बैठे महानायक सत्तालोलुपता और स्वार्थ सिद्धि में लिप्त हैं। ऐसा सुदर्शन चक्र चलाया जा रहा हैं जिसमें विकास का ही शिरोच्छेदन हो रहा हैं। सेवा और बलिदान के नाम पर ढोंग रचाए जा रहे हैं। सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रदूषण के जनक जनतांत्रिक व्यवस्था की जड़े हिला रहे हैं। जरूरत इस बात की हैं कि सभी व्यंग्यकार सामूहिक चिंतन की प्रक्रिया को तेज करें ताकि एक सकारात्मक पहल की शुरूआत हो सकें।

'' जो कुछ आज हो रहा हैं इन खतरों की ओर हमारे पूर्व के व्यंग्यकारों ने काफी संकेत किए हैं तथा इन संकेतों के लिए उन्हें प्रताड़ना के दंश भी झेलने पड़े हैं। अगर इस ओर एक सकारात्मक पहल की गई होती तो यह स्थिति पैदा ही नहीं हुई होती। जो भी हो इस स्थिति पर अकुंश लगाने के लिए प्रयास जारी रखना ही होगा। अन्यथा देश राष्ट्रवाद की तूफानी लहर पर सवार हो फासिज्म की गोद में चला जाएगा।''9

व्यंग्य का सामाजिक जीवन के साथ गहरा संबंध होता हैं। इसके संदर्भ में शंकर पुणताँम्बेकर का यह कथन दृष्टव्य हैं– '' व्यंग्य आसपास के कूड़े–कचरे को कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल करता हैं। कचरा जितना यथार्थ, उतना वह व्यंग्य के लिए आदर्श हैं।''10

व्यंग्य के पीछे मनुष्य हैं, मनुष्य का जीवन हैं। उसकी कमजोरी, दुर्बलता आदि विद्यमान हैं। इतना ही नहीं, व्यंग्य के पीछे परिवेशगत विषमताएँ, विद्रुपताएँ हैं, जिनके कारण खंडित तथा टूटे हुए लोगों की, जो वास्तव में नष्ट होने योग्य नहीं है, उनकी व्यंग्य रचनाएँ आदमी की सफलता, असफलता, नैतिकता और अनैतिकता के दस्तावेज हैं। रामनारायण उपाध्याय लिखते हैं– '' व्यंग्य वही कर सकता हैं जिसके दिमाग में एक स्वस्थ समाज के निर्माण का नक्शा होता हैं। वह जब अपनी कल्पना से समाज का निर्माण होते नहीं देखता तो तिलमिलाहट से भर उठता हैं। उसकी इस मनःस्थिति से व्यंग्य का जन्म होता हैं।''11

इस प्रकार निष्कर्षतः कहा जा सकता हैं साहित्य समाज का दर्पण हैं, इसलिए आज के सामाजिक जीवन की सही तस्वीर आज के व्यंग्य साहित्य में स्पष्ट देखी जा सकती हैं। व्यंग्यकार आज के विद्रुपताओं, विसंगतियों की गहराई में पहुँचकर, उसकी टीस को ग्रहण करता हैं। व्यंग्यकार को व्यक्ति और समाज में केवल कमजोरियाँ एवं बुराईयाँ ही दिखाई देती हैं, अच्छाईयाँ, दिखाई नहीं देती। यह कुछ हद तक सही भी हैं। व्यंग्यकार एक चिकित्सक के समान हैं, जो मरीज के रोग, कीटाणुओं या सड़े हुए अंगों का इलाज करता हैं। अच्छे अंगों को वह स्पर्श नहीं करता। व्यंग्य की दृष्टि भी इसी तरह की होती हैं।

वास्तव में व्यंग्य ही वह तत्व हैं जो समाज सुधारक बनता हैं। व्यंग्य सोचने पर विवश करता हैं। श्रेष्ठतर स्थिति पर जाने की चेतना जगाता हैं। यही सामाजिक सरोकार भी हैं। समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, बेईमानी, अर्थसत्य, सुविधाभोगीवादिता, कर्त्तव्य के प्रति अवहेलना, संबंधो का मृतप्राय होना, हिंसक प्रकृतियों का उभरना, संस्कृति का अपसंस्कृत होना, सभ्यता का असभ्य परिभाषित होना आदि से व्याप्त विडम्बनाओं, विद्रुपताओं, विसंगतियों, असंगतियों का विवेचन, चितन–मनन गवेषण रचनाकार का मुख्य सामाजिक उद्देश्य सरोकार हो गया हैं।

संदर्भ सूची :–

1. हरिशंकर परसाई–तट की खोज पृ.सं. 02
2. डॉ. घनश्याम अग्रवाल–आधुनिक श्रेष्ठ व्यंग्य, पृ.सं. 01
3. लतीफ घोंघी–उड़ते उल्लू के पंख, पृ. सं. 51
4. प्रेमशंकर–व्यंग्य विविधाएँ व्यंग्य विधा, पृ.सं. 02
5. डॉ. शेरजंग गर्ग–व्यंग्य के मूलभूत प्रश्न, पृ.सं. 107
6. गिरीश पंकज–मिठलबरा की आत्मकथा, पृ.सं. 10
7. डॉ. नामवर सिंह–ज्ञानोदय, जनवरी–1986, पृ.सं. 16
8. व्यंग्य विधा का सहकारी एवं कारगर स्वरूप–सहकार संचय, जनवरी–फरवरी 1999
9. अरविंद विद्रोही–विदूषक, अप्रैल–सितंबर 1996, पृ.सं. 08
10. डॉ. शंकर पुणताँम्बेकर–प्रकर, मार्च 1984, पृ.सं. 25
11. हास्य व्यंग्य,–सामाजिक सरोकार–व्यंग्य विविधाएँ, दिसम्बर 1996, फरवरी 1997, पृ.सं. 59।

छुआछूत के आविर्भाव का समाजशास्त्री अध्ययन

जितेन्द्र कुमार चौधरी
म.नं. 2050 रांझी पुरानी बस्ती, झण्डा चौक, जबलपुर (म.प्र.)

सारांश :–भारतीय समाज में छुआछूत का व्यवहार बहुत पुराना है। इसकी जड़े इतनी गहरी हैं कि बुद्ध से लेकर गांधी तक अनेक लोगों ने इसके निवारण के लिए समय–समय पर प्रयास किया। किन्तु यह किसी न किसी रूप में समाज में बनी रही।[1] प्रस्तुत शोध–प्रपत्र में छुआछूत के व्यवहार के सामाजिक जीवन में प्रचलन के प्रारंभ को खोजने का प्रयास किया गया है। सामाजिक आधार पर व्यवहार के दोहरे मानदण्ड आज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आसानी से देखे जा सकते हैं। शहरों में छुआछूत व सामाजिक भेदभाव बहुत सीमति है, किंतु गांवों में कमावेश आज भी बना हुआ है।[2] छुआछात का रोग क्यों और कैसे पैदा हुआ, इन कारणों की निशानदेही अनेक लेखकों ने की है किन्तु डॉ. भीम राव अंबेडकर ने अछूतपन की उत्पत्ति का गोवध तथा गो–मांसाहार–निषेध से सीधा संबंध बताया है।[3]

मुख्यशब्द : छुआछूत, कृषि संक्रिया, समाज का खंण्डीकरण, जातीय क्रम–परम्परा, पवित्रता–अपवित्रता।

प्रस्तावना :– जातीय आधार पर छुआछूत के आविर्भाव का इतिहास जटिल है[4] इसकी उत्पत्ति के विषय में स्पष्टता एवं आम सहमति का नितान्त अभाव हैं। जबकि कुछ इसकी उत्पत्ति देश में कृषि प्रधान सभ्यता के विकास को मानते हैं तथा ऐसी सभ्यता में कृषीय जातियों के अभ्युदय का कारण यह था कि कृषि संक्रिया के लिय हाथ से काम करने वाले कर्मकारों तक सुनिश्चित पहुंच बनी रहे।[5] कुछ इसकी उत्पत्ति भारतीय सभ्यता की विस्तारवादी प्रावस्था से जोड़ते हैं, जिसके कारण आर्यो ने मूल निवासियों पर न केवल विजय प्राप्त की अपितु इसी के परिणामस्वरूप दासता में भी जकड़ दिया। ऋग्वेदिक युग के अन्तिम चरण में सामाजिक अवस्था में ये 'शूद्र' वही दास है जिन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता था और इसका सम्बंध उनके उस समुदाय में जन्म से होता था।[6]

इसके उदय की व्याख्या चाहे कुछ भी रही हो संस्थानिक ढांचे, जो समाज में सामाजिक आचरण को निर्देशित करते रहे हैं 'जाति व्यवस्था' की नाम पद्धति के अंर्तगत सन्निविष्ट हैं। मोटे तौर पर यह हिन्दू आबादी को सीधे–सीधे चार मुख्य वर्गो में बाँटने की व्यवस्था का अभिवेदन है, जिन्हें वर्ण के नाम से जाना गया है। इस व्यवस्था के शिखर पर हैं ब्राम्हण (पुजारी वर्ग) तथा अवरोही क्रम में क्षत्रिय (योद्धा वर्ग) और वैश्य (व्यापारी एवं हस्तशिल्पी वर्ग) शूद्र (मेहनतकश मजदूर तथा सेवारत वर्ग) व्यवस्था में निम्न दर्जे पर थे। अस्पृथ्यों का इस योजना में कोई हिस्सा नहीं था। फिर भी समय के अन्तराल के साथ–साथ स्थिति की तात्कालिक आवश्यकता के रहते इस वर्गीकरण में पांचवां वर्ग भी आ जुड़ा जिसे वैसे तो कोई भी जातीय हैसियत नहीं दी गई परन्तु सामाजिक परम्परा में यही वर्ग पूरक कड़ी अवश्य हुआ और इसका उल्लेख अस्पृश्य या 'जाति बहिष्कृतों' के रूप में हुआ।

इस वर्ग की सदस्यता जन्म से निर्धारित होती थी और इसे वैयक्तिक प्रयास या सामाजिक मान्यता होने पर परिवर्तित नहीं किया जा सकता था। ये चारों वर्ण तत्पश्चात् सैंकड़ों उप–जातियों में विभक्त हो गए जिन्हें 'जाति' कहा जाता है और हर जाति के सामाजिक आचरण के अपने ही प्रतिमानक (मानदण्ड) हैं। इस जातीय ढांचे के छह विशिष्ट लक्षण है:–[7]

1. समाज का खण्डीकरण;
2. क्रम–परम्परा (सामाजिक);
3. खानपान तथा सामाजिक मेलजोल पर प्रतिबंध,

4. व्यवसाय में अप्रतिबन्धित चयन की कमी;

5. नगरिक तथा धार्मिक असमर्थताएं तथा भिन्न–भिन्न श्रेणियों में विशेषाधिकार तथा

6. विवाह पर प्रतिबंध;

समाज का चार समूहों में खण्डीकरण ऐसी अभेद्य व्यवस्था का द्योतक है जिसमें प्रतिष्ठा और व्यवसाय दोनों ही एक दूसरे के साथ श्रेणीबद्ध नाते से जुड़े हुए हैं। इस पदनुक्रमिक व्यवस्था में ब्राह्मण का स्थान सबसे ऊंचा एवं अस्पृश्यों का स्थान सबसे नीचा है। यह **जातीय क्रम–परम्परा** 'शुचिता' एवं 'अशुचिता' की अवधारणाओं के इर्द–गिर्द घूमती है।

उद्देश्य :– छुआछूत की उत्पत्ति के कारणों को जानना एवं सामाजिक जीवन में इसके व्यवहार में प्रचलन की स्थिति ज्ञात करना।

अस्पृश्यों को अद्यमतम गिना जाता है क्योंकि वे अपवित्र कार्य करते है। खानपान तथा सामाजिक नातों पर प्रतिबंध हर जाति के लिए आचार संहिता को समावेशित किए हैं कि वह क्या देख सकते हैं, क्या नही देख सकते। क्या छू सकते हैं, क्या नहीं छू सकते, दूसरी जाति के लोगों से क्या स्वीकार कर सकते हैं, क्या स्वीकार नहीं कर सकते। व्यवस्था पर प्रतिबन्ध का मन्तव्य है कि किसी भी तरह से क्रम–परम्परा को डगमगाने से बचाया जा सके।[8]

सिविल और धार्मिक निर्योग्यताओं के अधिदेशानुसार अस्पृश्य मुख्य गांव से दूरी पर ही बसें, गांव के कुएं से पानी न खींचे, गांव के मन्दिर में दाखिल न हों, जनेऊ धारण न करें, शिक्षा प्राप्त न करें तथा धार्मिक ग्रंथों का पाठ न करें। अस्पृश्यों से अपेक्षित था कि वे सबसे अधिक गंदे धंधे जैसे कि गंदगी, जिसमें मानव मल भी शामिल था, की सकाई, मृत जानवरों की खालें उधेड़ने तथा कब्रें खोदने का कार्य सम्मिलित था। जाति से बाहर ही नहीं, वास्तव में उप–जातियों से भी बाहर विवाह का पूर्ण निषेध सुनिश्चित करता है कि एक समुदाय से दूसरे समुदाय में गतिशीलता न हो। परिणामतः अस्पृश्यों को सभी मामलों मे सम्पूर्ण पृथकता का सामना करना पड़ता है, उग्र भेदभाव का शिकार होना पड़ता है, निम्न से निम्न कार्य करने पड़ते हैं और उन्हें कोई अधिकार नहीं कि वे अपनी स्थिति में कोई परिवर्तन कर सकें।

जातीय असमर्थताओं और अत्याचारों के प्रवर्तन का संक्रमणकाल तीसरी और चौथी ईस्वी में खोजा गया है। इस युग में वर्ण–व्यवस्था के समक्ष विचलन का संकट गहराया जबकि निर्धारित सामाजिक व्यवहार को अनुशासित और सीमा में रखने के लिए जोर जबरदस्ती की आवश्यकता पड़ी। 'राजा' इस व्यवस्था को मर्यादा में रखने वाले के रूप में सामने आया। जो भी इस व्यवस्था का उल्लंघन करते उन्हें धर्मनिरपेक्ष (सैकुलरी) दण्ड तो दिया ही जाता था, साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों द्वारा प्रायश्चित भी करना पड़ता था। इसी तरह ऊंची जाति के लोगों द्वारा नीची जाति के लोगों पर शारीरिक हिंसा को पावनता का दर्जा प्राप्त हुआ। यह स्थिति सदियों तक बनी रही।[9]

इस तरह दमन से पीड़ित समुदाय ने इस प्रबन्ध को चुपचाप स्वीकार कर लिया क्योंकि इससे बचाव का और कोई विकल्प ही नहीं था। सम्भवतः उन्हें यह विश्वास करने पर बाध्य ही कर दिया गया था कि अगर वह वर्तमान अनुशासन का पालन करेगें तो अगले जन्म में सुधार संभव होगा।

प्रमाण :–

अस्पृश्यता के पीछे अपवित्रता का विचार है। पवितत्रा के विचार के संदर्भ में धुर्ये (1968:216) ने कहा है ''800 ई.पू. न केवल घृणित व पतित 'चांडालों' में, बल्कि समाज की चतुर्थ व्यवस्था शूद्रों में सांस्कारिक पवित्रता एवं इसका कार्य रूप प्रचलन में था।''

''**हट्टन** (Caste in India 1961:207) का विचार है कि बाह्म जातियों की स्थिति का जन्म थोड़ा प्रजातीय, थोड़ा धार्मिक तथा कुछ सामाजिक रिवाजों का प्रतिफल है।

अम्बेडकर की मान्यता है (1948) कि जब अशुद्ध एक वर्ग के रूप में 'धर्म सूत्रों' के काल में अस्तित्व में आया तब अस्पृश्य वर्ग400 ए.डी. के काफी बाद में उत्पन्न हुआ। अंबेडकर ने आगे भी कहा हैः ''यदि मानव विज्ञान ऐसा विज्ञान है जिस पर लोगों की प्रजाति निर्धारण के लिए निर्भर किया जा सकता है तब तो हिंदू समाज के विविध स्तरों

SRF National & International Research Journal & Book Publication House, 320, Sewa path, Sangeevni Nagar, Garha, Jabalpur (M.P.)
Email Id:ijssmsjbp@gmail.com, srfjbp@gmail.com, www.srfresearchjournal.comPhone- 0761-4036611, Mo. 9993332299

पर मानवमिति का अनुप्रयोग यह असिद्ध करता है कि अस्पृश्य व्यक्ति आर्य एवं द्रविड़ प्रजातियों से भिन्न प्रजाति के सदस्य थे। ब्राह्मण और शूद्र एक ही प्रजाति से संबद्ध हैं।

अम्बेडकर के अनुसार गोमांसहार ही 'अछूतपन' के मूल में निहित है, यदि हम गो–मांसाहार निषेध को अपने चिंतन की आधार–शिला बनाए तो इसका यह मतलब होता है कि 'अछूतपन' की उत्पत्ति का गो वध तथा गो–मांसाहार–निषेध से सीधा संबंध होना चाहिए, यदि हम यह बता सकें कि गोवध किस समय एक अपराध बना गो–मांसाहार किस समय पाप बना तो हम 'अछूतपन' की उत्पत्ति की एक ऐसी तिथि निश्चित कर सकते हैं, जो लगभग ठीक हो। गो–वध कब एक अपराध घोषित किया गया? हम जानते हैं कि मनु ने न तो गो–मांसाहार का निषेध किया और न गो–वध को ही एक अपराध ठहराया। यह अपराध कब बना? जैसा कि–

डॉ. डी.आर. भण्डारकर ने स्पष्ट किया है, चौथी ई. में किसी समय गुप्त–नरेशों द्वारा गो–वध प्राण दण्डनीय अपराध घोषित हुआ। इसलिए हम कुछ विश्वास के साथ यह कह सकते हैं कि अछूतपन 400 ई. के आस–पास किसी समय पैदा हुआ, यह बौद्ध धर्म और ब्राम्हण धर्म के संघर्ष में से पैदा हुआ है। इस संघर्ष ने भारत के इतिहास को पूरी तरह बदल दिया है।[11]

निष्कर्ष : मनुस्मृति के ज्ञात समय को हम आधार मानते हुए इस निष्कर्ष को इस तरह प्रस्तुत कर सकते है।

पूर्व मनुस्मृति युग :–में अस्पृश्यता स्थायी एवं वंशानुगत नहीं थी केवल सामयिक दिखाई देती थी पूर्व मनुस्मृति युग में आज जैसी अस्पृश्यता का विकास नहीं हो पाया था।

मनुस्मृति युग:– मनु के समय में जाति व्यावस्था ब्राह्मणों की सर्वोच्चता और निम्न जातियों एवं शूद्रो पर अयोग्यताएं थी लेकिन अस्पृश्यता नहीं थी।

उत्तर मनुस्मृति युग:– उत्तर मनुस्मृति युग अस्पृश्यता का साक्षी है चीनी यात्री फाह्यान (399–414 ई.) ह्वेनसांग (629 ई.) इन दोनों यात्रियों के वृतान्त से स्पष्ट होता है कि लगभग 400 ई. के आस–पास अस्पृश्यता की उत्पत्ति हो चुकी थी एवं यह एक संस्था के रुप में समाज में अपना स्थान बना चुकी थी।

मध्ययुग :– मध्ययुग में महत्वपूर्ण सूचना अलबरुनी के यात्रा वृतान्त से मिलती है जिसने 1007 से 1033 ई. के मध्य भारत का भ्रमण किया। इस समय सम्पूर्ण भारत में अस्पृश्यता व्यवहार में आ चुकी थी। मुस्लिम युग में जाति व्यवस्था तथा अस्पृश्यता के प्रति मुस्लिम सम्राटों के विपरीत रवैये के कारण जाति व्यवस्था अत्याधिक कठोर हो गई एवं अस्पृश्यता समाज में गहराई से व्याप्त होती चली गई।

संदर्भ :–

1. सिंह राम गोपाल (1986), भारतीय दलितः समस्याएँ एवं समाधान, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, बनगंगा भोपाल (म.प्र.), पृ. 134
2. वही. पृ. 100
3. बाली, एल.आर. (2006), नही मिटेगी छुआछात, भीम पत्रिका, ई.एस. 393ए, आबादपुरा, जालधंर, पृ. 03
4. नावल, टी.आर. (2000) अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) काननू पृ. 4–7
5. कृष्णन पी.एस, अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 को लागू करने के लिए जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में 22–23 मार्च 2000 का राष्ट्रीय सम्मेलन में दिया गया भाषण।
6. नावल टी.आर., वही. पृष्ठ 4
7. घोर्वे, जी.एस., 21 शताब्दी में दलितों के लिए एक नया पाठ्यक्रम, भोपाल घोषणा पत्र पृष्ठ 16–17
8. भोपाल घोषणा पत्र पृष्ठ 16

9. नावल, टी.आर., वही. पृष्ठ 10

10. आहूजा राम (2012), भारतीय सामाजिक व्यवस्था, रावत पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली पृ. 320–321

11. बाली, एल.आर. (2006), नही मिटेगी छुआछात, भीम पत्रिका, ई.एस. 393ए, आबादपुरा, जालधंर, पृ. 03–04

12. आहूजा राम (2012), भारतीय सामाजिक व्यवस्था, रावत पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली पृ. 05–07

Behavioral responses of puntiusticto on exposure to detergent effluents: An Overview

Dr. Varsha Jain, Department of zoology
Govt. M.H. College of Home Science and science for Women, Jabalpur (M.P.)

ABSTRACT: The population of puntiusticto was exposed to lethal and sub lethal concentration of detergent effluents to allow behavioral changes to be observed. The swimmingbehavior and alteration in swimming pattern were recorded. The abnormal behaviors in puntiustitcto were characterized by hyper activities, erratic swimming, and frequent surfacing followed by sinking. The behavioral responses increased and were observed in the control treatment of the bioassay tests. Some workers have studied behavioral alteration of fish due to exposure of surfactants and detergents.There observation includes abnormal swimming behavior, loss of equilibrium and avoidance behavior.
KEY WORDS- Behavioral, Sub lethal Responses, Swimming Behavior and bioassay.

INTRODUCTION :

Fish are grown for commercial purpose to meet the dire need of animal protein need of humans. Most of the industrial waste discharged into the environment contains organic and inorganic pollutant dissolved in insoluble forms. The ability of the pollutant to disturb the biological balance or cause deleterious effect on the aquatic ecosystem is dependent on the concentration of detergent. Various human activities like washing of clothes with detergent and soaps, bathing etc. are also a reason for water pollution.

MATERIAL AND TECHNIQUES :

Standard techniques were used for physic-chemical analysis of diluent water and behavioral study.

TEST FISH - The fresh water teleost *Puntiusticto* was used for the present study.

The fish were netted using small meshed cast net and were brought to laboratory in plastic pool. The fish were acclimatized under laboratory conditions for seven days before experiments. Fishes measuring 3.5 to 5.0 cm in length were used for the experiments. Only healthy and active fishes were used for the study.

The detergent 'Henko' manufactured by Henkl SPIC India Ltd. Chennai was used as toxicants. 'Henko' contain Linear Alkyl benzene sulphonic acid (LABS) as active ingredient.

RESULTS AND DISCUSSION:

Many other workers have also reported the presence and concentration of detergent in water receiving municipal effluents (Fischer,1980; Sivak et al.,1982). As water bodies are the ultimate sink for the toxic chemicals used in house hold products including detergents. The toxic chemicals and other pollutants especially detergent cause marked changes in the swimming behavior of fish. These includes hyper activity, erratic swimming, jerky movements and loss of equilibrium (Tiwari.,1995).

BEHAVIOURAL STUDY :

In lower concentration of detergent fishes exhibited hyper-activity with frequent to and fro swimming movements in the aquaria for initial 1 hr, later the swimming activity was reduced, however, the fish increases its surface visits. The hyper swimming activity was increased with increase in the concentration of the detergent. It appeared that fish became restless initial and later it came to the surface of aquaria. In lethal concentration above 5mg/l the initial phase of hyper-activity was followed by gradual loss of equilibrium and erratic swimming. Ultimately the fish lied down on the bottom laterally with very slow opercular movements. Under this condition, on tapping the aquaria or by touching the fish by glass rod, the fish responded with jerky movements towards surface, then dropping down to the water.

AVOIDANCE BEHAVIOR:

The avoidance behavior of the fish Puntiusticto was studied with the help of test vessel in which detergent dilutions were added from one end and

fresh water from the other end. The test vessel was marked in three zones: Zone 'A'-toxicant zone, zone-'B'-middle zone and zone 'C'-toxicant free or fresh water zone. Number of visits and time spent in each zone was recorded for a duration of one hour in seven concentration of the detergent. The result are presented in the table below.

RESULT OF AVOIDANCE BEHAVIOR TEST CONDUCTED WITH DETERGENT "HENKO" INDICATING TIME SPENT AND NO. OF VISITS MADE BY FISH IN DIFFERENT ZONE OF TEST VESSEL.

Conl. Mg./l	Time spent in three zones(seconds)					
	Toxicant zone 'A'		Middle zone 'B'		Clear Water Zone 'C'	
	Time Spent	No. of Visits	Time Spent	No. of Visits	Time Spent	No .of Visits
0.2	2120	09	250	08	1230	06
0.3	1066	36	1295	66	1239	48
0.4	863	16	1210	52	1522	37
0.5	188	04	652	12	2760	10
1.0	75	05	265	14	3260	08
5.0	100	08	386	16	3114	07
10.00	46	02	352	31	3202	23

Some workers have studied behavioral alteration of fish due to exposure of surfactants and detergents. Their observation included abnormal swimming behavior, loss of equilibrium and avoidance behavior.(Sprague and Mclease,; Lewis, 1991; Pulla Rao and Mishra, 1998a,). As far as these observations are concerned, the author agrees with these workers that surfactants and detergents cause marked behavioral response in fish in the form of hyper-activity, surfacing, and erratic swimming, loss of equilibrium and avoidance behavior.

CONCLUSIONS :

The detergent forms toxic component of domestic effluent and is highly toxic to fish. The toxicity of detergent depends on its active ingredient and other additives. In India detailed product information is not given on the detergent packing. It is suggested that it should be made mandatory to provide detailed product information and its toxicity to fish on the packing of detergents.

REFERENCES :

1. Fischer, W.K. (1980) Entwicklung der tensidkonzentrationen in den deutschenGewassen. Tenside Deter., 17 : 250-261.
2. Lewis, M.A. (1991) Chronic and sub lethal toxicants of surfactants to aquatic animals : A Review and risk assessment. Water Res. 25(1) : 101-113
3. Sivak, M., Goyer, M., Perwak, J. and Thayer, P. (1982) Environmental and human health aspects of commercially important surfactants. In solutions behavior of surfactants. (K.Mittal and E. Fendler, Eds.) Vol.1, Plenum, New York.
4. Tiwari, C. (1995) Laboratory monitoring of fungicide toxicity of fresh water fish PuntiusTictio : A thesis submitted for the degree of doctor of philosophy in zoology. Barkatullah University, Bhopal (M.P.) India.
5. Pulla Rao, U.D.V.P. and Mishra, K.D. (1998a) Acute toxicity of LABS containing detergent 'Shudh' to juvenile (fingerlings) stage of indian major carp, Labeorohita. Ind. J. of Environmental Sciences 2(2) : (In press).

भारत में औद्योगिक वित्त के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएँ

डॉ0 किरण सिंह,
अतिथि विद्वान, अर्थशास्त्र, शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय, सिहोरा, जबलपुर (म0प्र0)

शोध सार – प्रस्तुत शोध पत्र में भारत मे औद्योगिक वित्त के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका महत्तवपूर्ण रही है। इन संस्थाओं के माध्यम से विकास के नये आयाम सम्भव हो सके। इन संस्थाओं का मुख्य उद्देश्य विकासशील देशो को सहायता देने का है। भारत मे औद्योगिक निवेश की गति बहुत धीमी थी। अतएव इन संस्थाओं के माध्यम से सामाजिक पूँजी का निर्माण किया जा सके। इन संस्थाओं ने विकासशील देशो मे आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए प्रत्यक्ष ऋण को प्रोत्साहित किया। साथ ही वित्तीय सहायता के अतिरिक्त उद्योगो की स्थापना , विस्तार एवं कुशल संचालन हेतु तकनीकी प्रबंधकीय परामर्श भी ये संस्थाएँ प्रदान करती है।

पुर्ननिर्माण और विकास के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बैंक –यह अंतः सरकारी संस्था है जिसका स्वरूप निगमीय है, और जिसकी पूँजी सर्वथा इसके सदस्य सरकारो द्वारा जुटाई जाती है। अतः वे ही इसकी पूँजी के स्वामी होते है जो भी सरकार इसके चार्टर को मानती और अपना लेती है वह इसकी सदस्यता की पात्रता रखती है। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सदस्य बनने के लिए विश्व बैंक की सदस्यता अनिवार्य शर्त है। इसके संगठन मे बोर्ड ऑफ गवर्नर,कार्यपालन संचालक, एक अध्यक्ष और बैंक स्टॉफ होता है। बैंक के सभी अधिकार बोर्ड ऑफ गवर्नर मे निहित होता है। प्रत्येक सदस्य एक मतदाता गवर्नर की नियुक्ति करता है और सामान्यतः वह उसका वित्तमंत्री ही होता है। इनकी अवधि 5 वर्ष होती है, किन्तु इसके पूर्व भी इन्हे बदला जा सकता है। कार्यपाल गवर्नरो की संख्या वर्तमान मे अठारह है जिनमे से पाँच की नियुक्ति प्रथम पाँच सर्वाधिक स्कंधधारियो द्वारा नियुक्त और शेष तेरह बाकी के सदस्यों द्वारा चुने जाते हैं। ये ही बैंक के सामान्य कामकाज के लिए उत्तरदायी रहते है। प्रत्येक सदस्य राष्ट्र के 250 मत होते है इसके अतिरिक्त प्रत्येक एक लाख डॉलर के अंशदान पर एक अतिरिक्त वोट या मत प्राप्त होता है।

पूँजी संसाधन – बैंक के पूँजी संसाधन उस समूची पूँजी से निर्मित होते हैं जो सदस्य सरकारो द्वारा प्रदत्त राशि तथा ऋण बंधो और अन्तर्राष्ट्रीय वित्त बाजारों द्वारा बनते है। जिसमे लन्दन और न्यूयॉर्क शमिल है। इस पूँजी में सदस्य देशों द्वारा खरीदे गये ऋण बंधो की राशि भी सम्मिलित है। सन् 1959 मे प्राधिकृत पूँजी 21 विलियन करोड़ डॉलर के बाद बन्द कर दी गई और इस राशि तक ही सीमित रखा गया।

व्यावसायिक कारोबार – बैंक द्वारा प्रत्यक्ष या सीधे तौर पर ऋण या गारंटी दी जा सकती है जो निजी निवेशकों द्वारा उपलब्ध कराया जाता है । इस बैंक से साख सुविधाएँ सदस्य सरकारो को सहज उपलब्ध है और यह सुविधा देशों की वित्तीय संस्थाओं तथा निजी उपक्रमो को भी प्राप्त है। व शर्ते इन्हें शासकीय गारंटी या देश की आर्थिक नीति तथा वित्तीय स्थिरता का अध्ययन भी विश्व बैंक द्वारा किया जाता है। इसके संविदा नियमो मे प्रावधान किया गया है कि ऋणों की स्वीकृति विशिष्ट परियोजना के लिए अथवा विकास और पुनर्निर्माण के लिए दी जावे तथापि कुछ विशेष परिस्थितियो मे ये ऋण अन्य उद्देश्यों के लिए भी दिये जा सकते हैं। बैंक अपनी एक नीति के बतौर किसी भी सदस्य देश को उसकी परियोजनाओ की आवश्यकताओ की पूर्ति हेतु ऋण देना अधिक पसन्द करता है और ऋण कर्ता से अपेक्षा रखता है कि वह भी अपनी और से कुछ साधन जुटावे ताकि परियोजना की वित्त व्यवस्था सुचारू रूप से की जा सके विश्व बैंक सामान्यतः मध्यम या दीर्धविधि के लिये ऋण प्रदान करता है। टाटा लौह–इस्पात कम्पनी को दिए गए ऋण पन्द्रह वर्षीय अवधि के है जबकि एयर इंडिया इंटरनेशनल कार्पोरेशन को दिए गए ऋण की अवधि नौ वर्ष रही है। इसी प्रकार

SRF National & International Research Journal & Book Publication House, 320, Sewa path, Sangeevni Nagar, Garha, Jabalpur (M.P.)
Email Id:ijssmsjbp@gmail.com, srfjbp@gmail.com, www.srfresearchjournal.comPhone- 0761-4036611, Mo. 9993332299

बैंक द्वारा ब्याज दर में ऋण की अवधि के अनुसार अलग–अलग स्तर पर रहती है। अपेक्षाकृत लम्बी अवधि के ऋणो पर ब्याज दर कुछ अधिक रहती है। पर ब्याज दर घट बढ़ की प्रवृति रखती है। बाजार दर के परिपेक्ष्य मे उधारी की लागत पर इस दर मे घटने बढ़ने की प्रवृत्ति होती रहती है। यह ब्याज दर ऋण कर्ताओ मे भेदभाव नहीं करती और इस परिपेक्ष्य मे वह सभी के लिए समान रहती है। इसके अतिरिक्त विश्व बैंक द्वारा सभी ऋणो पर एक प्रतिशत वार्षिक कमीशन वसूला जाता है ताकि इससे अपनी देयताओं के अनुरूप रिजर्व कोष का निर्माण किया जा सके।

विश्व बैंक अन्तर्राष्ट्रीय निवेश की समग्र आवश्यकताओ की पूर्ति नहीं कर सकता किन्तु इसके द्वारा दिया गया निर्देश उद्योगो के विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। अर्द्ध विकसित देशों को प्रदत्त वित्तीय सहायता से उनके विकास की सम्भावनाएँ बढ़ी है और प्रगति पथ प्रशस्त हुआ है। वित्तीय सुविधाओ के अतिरिक्त बैंक ने सदस्य सरकारो को तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई है जो ऋणों से संबंधित प्रक्रिया, प्राथमिकताओ के निर्धारण अनुसार विभिन्न परियोजना के क्रियान्वयन से सिद्ध हुई है बैंक के द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त परियोजना मे वह नजर रखता है और समय–समय पर स्थल निरीक्षण तथा सावधि प्रतिवेदन प्राप्त करता है।

भारत और विश्व बैंक –स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत के प्रारंभिक आर्थिक विकास मे विश्व बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है भारत विश्व बैक के प्रारम्भिक सदस्यो मे जो एक है। शुरू मे भारत का अभ्यंश 400 मिलियन डॉलर था एवं उनका नाम अधिकतम पूँजी वाले 5 देशों मे शामिल था जिससे भारत को विश्व बैंक मे एक स्थाई कार्यकारी संचालक नियुक्त करने का अधिकार मिला। भारत को जिन योजनाओं के लिए ऋण मिले है उनमे से मुख्य निम्न है–

- ❖ रेल व्यवस्था का नवीनीकरण एवं विस्तार।
- ❖ टाटा लौह एवं इस्पात तथा भारत लौह एवं इस्पात कम्पनी ।
- ❖ चम्बल घाटी क्षेत्र तथा राजस्थान नहर क्षेत्र का विकास ।
- ❖ दामोदर घाटी निगम विद्युत परियोजना।
- ❖ एयर इंडिया द्वारा हवाई जहाजों का क्रय।
- ❖ हल्दिया बन्दरगाह का निर्माण।
- ❖ विद्युत शक्ति विस्तार परियोजनाएँ।
- ❖ औद्योगिक साख एवं विनियोग निगम की कार्यशील पूँजी मे वृद्धि ।
- ❖ कृषि विकास हेंतु ऋण।
- ❖ निजी क्षेत्र मे कोयला उद्योग के विकास हेतु ऋण
- ❖ ट्राम्बे थर्मल पावर स्टेशन की स्थापना हेतु ऋण।

भारत को 169 बार सामान्य ऋण और 250 बार विकास योजनाओं के लिए ऋण दिया गया विश्व बैंक ने भारत को आश्वासन दिया है कि वह भारत को संसाधन जुटाने हेतु सहायता करता रहेगा।

अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम– विश्व बैंक को निजी उद्यम के लिए ऋण देते समय सम्बंधित सरकार की गारण्टी आवश्यक होती है किन्तु इसमे बैंक का कार्यक्षेत्र काफी सीमित हो जाता है। विश्व बैंक की दूसरी सीमा यह है कि वह केवल ऋण देता है, पूँजी के अंश नही खरीदता । अतः बैंक की संबंधित उद्योग मे अधिक रूचि नहीं रहती । इन कमियो को दूर करने के लिए जुलाई 1956 मे विश्व बैंक के सहायक के रूप मे अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम की स्थापना हुई वित्त निगम निजी क्षेत्र को प्रत्यक्ष ऋण देकर विकासशील देशो मे आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करता है। इसके साथ ही निगम उत्पादक कम्पनियो मे इक्विटी विनियोग भी करता है।

निगम का मूलभूत उद्देश्य आर्थिक विकास सहज और संभव बनाने की दृष्टि से सदस्य देशो मे निजी उपक्रमो को विशेषता अर्द्धविकसित सदस्य देशों को सक्रिय सहायता और प्रोत्साहन देना है। यह निगम समाशोधन गृह के रूप मे निवेश के अवसरो, निजी पूँजी के बीच समन्वय स्थापित करता है वस्तुतः यह निजी पूँजी के साथ प्रतिस्पर्धा न करते हुए अनुपूर्ति का कार्य करती है। निगम अपनी और से विकासशील देशों की और निवेश बढ़ायेगा निरंतर बढ़ता जायेगा।

पूँजी संरचना– अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम विश्व बैंक की एक सम्बद्ध शाखा के रूप मे काम करती है। यद्यपि यह एक स्वतंत्र कानूनी संस्था है जो अपने चार्टर के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों के साथ कार्यरत है। इसके कोष विश्व बैक से सर्वथा अलग और भिन्न है। इसका समग्र प्रबंध एक संचालन मंडल मे निहित है। जिसमे विश्व बैंक के कार्य पालन संचालक सम्मिलित होते है। इस निगम को यह भी अधिकार प्राप्त है कि वह अपने ऋण बंधो और अन्य देयताओ की बिक्री के आधार पर ऋण ले सकता है।

अन्तर्राष्टोय वित्त निगम और भारत – भारत अन्य संस्थाओं की भांति वित्त निगम का सदस्य प्रारम्भिक काल मे ही बन गया था इसने निगम के समझौता पत्र पर 19 अक्टूबर 1955 को हस्ताक्षर कर दिये और प्रथम अधिकतम पूँजी वाले पाँच देशो मे से होने के कारण विश्व बैंक के प्रशासनिक संचालक मंडल मे भारत द्वारा मनोनीत व्यक्ति वित्त निगम मे भी भारत के स्थाई संचालक मान लिए गए।

वित्त निगम एक बहुपक्षीय संस्था है जो विकासशील देशों में उत्पादक निजी विनियोग को प्रोत्साहित करती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु निगम 7 वर्ष से 12 वर्ष की परिपक्वता वाले दीर्घकालीन ऋण एवं जोखिम पूँजी व्यापारिक दरों पर देती है। इसी के अनुरूप वित्त निगम ने भारत मे दीर्घकालीन ऋणो का अनुमोदन किया है भारतीय अर्थव्यवस्था मे जुलाई 1991 मे विर्नियमन किए जाने के संदर्भ मे वित्त निगम की उत्पादक निजी विनियोग का संवर्धन करने विदेशी प्रत्यक्ष विनियोग को आकर्षित करने और अंतर्राष्ट्रीय पूँजी बाजार से संसधानो को जुटाने मे अधिक सक्रिय भूमिका का निर्वाह कर सकता है।

निगम ने 1994 मे जो पोर्टफोलियो विनियोग किये है उसमे 9.4%भारत मे किये इस दृष्टि से भारत की स्थिति सबसे ऊपर है। विकासशील देशों में भारत के पहले ही वित्त निगम के प्रतिभूति पोर्टफोलियो के सबसे अधिक शेयर है। भारत के उदारीकरण की नीति के पश्चात निगम को विनियोग के नये अवसर प्राप्त हुए है। भारत मे वित्त निगम के विनियोग मुख्य रूप से ऊर्जा, लौह एवं इस्पात ऑटोमोबाइल रसायन पेट्रो रसायन एवं सामान्य विनिर्माण उद्योगो में हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय विकास परिषद– 1960 मे विश्व बैंक के अधीन एक सम्बंध संस्था के रूप मे अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ की स्थापना की । विकासशील देशो को सहायता देने के लिए एक ऐसी संस्था की आवश्यकता है जो बहुत कम ब्याज पर दीर्घकालीन आर्थिक विकास के लिए सुलभ ऋण दे सके। विश्व बैंक ने पिछड़े देशो के लिए पूँजी तो उपलब्ध करवा रहा था किन्तु उसकी सीमा यह थी कि ब्याज की दर अधिक थी, वह पूँजी सामाजिक कार्यो के लिए नहीं थी। अतएव विकास परिषद की स्थापना का निर्णय अल्प विकसित देशों में सामाजिक पूँजी का निर्माण करने के लिए किया गया था विकास परिषद को विश्व बैक की **सुलभ ऋण खिड़की** कहा गया है क्योंकि परिषद से विकासशील देशो को दुर्लभ मुद्राएँ प्राप्त हो सकती हैं, तथा यह ऋण उन्ही मुद्राओ मे नही चुकाना पड़ता अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा प्रयुक्त साधनो को साख का नाम दिया गया है ताकि उन्हे विश्व बैंक द्वारा प्रयुक्त ऋणो से पृथक समझ सके।

अंतर्राष्ट्रीय विकास परिषद का मूलभूत उद्देश्य अर्द्ध विकसित देशों को बहुत ही आसान एवं सुविधाजनक शर्तो पर विकास कार्यो के लिए वित्त की व्यवस्था करना ।

- ऋणों पर बहुत कम ब्याज लिया जाता है।
- ऋण लंबी अवधि के लिए दिये जाते हैं ।
- ऋणों का भुगतान ऋणी देश की मुद्रा में स्वीकार कर लिया जाता है। इस प्रकार यह संस्था विश्व बैंक के पुनर्निर्माण और विकास कार्य में सहायक बनकर उत्थान के प्रयासों को त्वरित गति प्रदान करने की भूमिका निभा सके। इस संस्था का उद्देश्य विश्व बैंक के तकनीकी ऋण पूर्ति के स्तरों को किसी प्रकार नीचे गिराना नहीं इसकी स्थापना करना है। इसके क्रिया कलापों से कई देशों को अपने भुगतान संतुलन को अनुकूल बनाने में मदद मिली ।

अन्तर्राष्ट्रीय विकास परिषद को कम विकसित देशों में उच्च प्राथमिकता के साथ वित्तीय परियोजना की वित्त व्यवस्था करने के अधिकार

SRF National & International Research Journal & Book Publication House, 320, Sewa path, Sangeevni Nagar, Garha, Jabalpur (M.P.)
Email Id:ijssmsjbp@gmail.com, srfjbp@gmail.com, www.srfresearchjournal.comPhone- 0761-4036611, Mo. 9993332299

और उत्तरदायित्व सौंपे गये है। अन्तर्राष्ट्रीय विकास परिषद गरीब देशों को बहुत आसान शर्तो पर ब्याज रहित ऋण देता है। विकास परिषद द्वारा दिये जाने वाले ऋण **'साख'** के रूप में जाने जाते हैं तथा इनकी छूट अवधि 10 वर्ष होती है। ऋणी देश की आर्थिक स्थिति के अनुसार 35 से 40 वर्ष की अवधि में इन्हें चुक्ता किया जाना चाहियें। विकास परिषद ने सर्वाधिक ऋण कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिये दिये है।

परिषद के प्रस्तावित संसाधन के रूप में संग्रहित राशि 1000 मिलियन अमेंरिकी डॉलर में थी। बशर्ते परिषद के सदस्य राष्ट्र वे सभी देश हो जिन्होनें अपना अंशदान जमा कर दिया है। जो मोटे तौर पर बैंक को दिये गये अंशदान के बराबर था। अल्पविकसित राष्ट्रों की कठिनाई को कम करने के उददेश्य से इस संस्था के सदस्य राष्ट्रों को दो वर्गो में बाँटा गया। प्रथम वर्ग मे 17 देश थे जो आर्थिक विकास की दृष्टि से विकसित थें उन्हें कुल अंशदान का 76.3 प्रतिशत भाग देना था। दूसरे वर्ग में कम विकसित राष्ट्र थें जिनकी संख्या 51 थी। जिन्हें 23 प्रतिशत अंशदान करना था। जिससे उनकी हर स्थिति में सहायता हो सके।

भारत और अन्तर्राष्ट्रीय विकास परिषद– भारत विकास संघ का प्रारभिक सदस्य हैं तथा उसे भाग 2 वाले देशों में रखा गया है। जहाँ तक विकास संघ से सहायता पाने का प्रश्न है भारत को उससे दोनो ही मामलों में अर्थात ऋणों की संख्या और ऋण की राशि सर्वाधिक ऋण मिले हैं भारत को दिये जाने वाले ऋण इन कार्यों के लिये दिये गयें हैं –राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण, नलकूपों का निर्माण,जल निकासी परियोजनाएँ, ग्रामीण विद्युतीकरण इत्यादि। विकास परिषद ने भारत को पहली बार एक नये प्रकार का ऋण दिया जो किसी परियोजना के निर्माण के लिये नहीं था वरन् भारत के पूँजीगत उद्योगो के लियें ऐसे कल पुर्जो एवं आवश्यक साम्रगी के आयात के लिये था। जिससे उक्त पूँजीगत उद्योगों में पूरी उत्पादन क्षमता का प्रयोग किया जा सके। भारत को दिये जाने ऋणों की यह विशेषता रही है कि वे समाप्त न होने वाले सतत् प्रवाह के रूप में दियें गयें।

निष्कर्षतः कहा जा सकता हैं कि भारत के औद्योगिक निवेश में अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओ द्वारा समय–समय पर वित्त संबधी आवश्यकताओं की पूर्ति की गई। जिससे निश्चित समय मे विकास की गति को तीव्र किया जा सके। इस प्रकार भारत के औद्योगिक विकास में अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओ का योगदान सराहनीय रहा है।

संदर्भ ग्रंथ –

- सिंघई, एस..पी.एण्ड गम्भीर, टी.आर **''औद्योगिक अर्थशास्त्र''** (1974) पेज–356–360
- सक्सेना, एस.सी.**''भारत में निगम वित्त'',**1963, पेज 204
- डॉ.जी.सी.सिंघई **''मौद्रिक अर्थशास्त्र''** 1999,पेज 299, 308, 315
- नद्दा.एन.ए. **''कैपिटल मार्केट इन इंडिया''**1965
- डॉ. कुलश्रेष्ट,आर.एस **''निगमों का वित्तीय प्रबंध''** 461, 493
- मदान, बी.के. **''फाइनेन्स फॉर इंडस्ट्रियल डेव्लपमेन्ट''**1966.

Library Automatio

Sarita Khandare, Researcher

ABSTRACT : Library is a growing organism. The ancient and traditional methods of maintaining it are no longer dynamic and efficient, because of information technology (IT) information explosion in each and every field of knowledge. TO handle this expeditious growth of information we need some modern technique. A properly computerized library will help its users with quick and prompt services. The study also shows that as a result of automation the library is faster and efficient than before in operation.

INTRODUCION : Education develops manpower for different levels of the economy. The universe of knowledge is so vast that any library / information centre cannot afford to be passive in their approach to information retrieval. The information retrieval in the field of education is hampered by outdated methods of retrieval. All of the library functions tend to be operated manually. Lack of automated system burden librarian with task that is tedious and time consuming. He has very little free time to concentrate on serving educationist. In the light of these problems, there is only one way and that is establishment of a well- structured networked library/information system to provide information required by the reader, in the manner in which he wants and the place where it is required.

DEFINITION : The term library automation refers to the processing of certain routine clerical functions in the library with the assistance of computers and allied technologies.

ALA Glossary of library and information science defines automation as "the performance of an operation, a series of operations or process by self-activating, self controlled or automatic means.

Automation implies the use of automatic data processing equipment such as a computer or labour saving devices".

Kaul (1999) has given the growth of library automation can be better understood from the following table.

TABLE
Growth of Library Automation

Year	Developments
